आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**प्रधानमंत्री-वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन का विस्तार करने के साथ देश सुधार की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सुधारों का मूल्यांकन केवल घोषणाओं के आधार पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव के आधार पर किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, "हम विदेशी निवेश ढांचा को और सरल कर रहे हैं, हमारा प्रयास सिस्टम को ज्यादा पूर्वानुमान योग्य और निवेशक अनुकूल बनाने का है।

**प्रधान-एनसीईआरटी**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करना दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. को सभी पुस्तकें वापस लेने और रद्द करने का निर्देश दिया है और कहा कि सरकार का न्यायिक प्रणाली का अपमान करने का कोई इरादा नहीं है। इस मामले पर खेद व्यक्त करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का जो भी आदेश होगा मंत्रालय उसका पालन करेगा।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना  के तहत खंडवा जिले के चयनित वृद्धजन आज भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के लिए रवाना होंगे। डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले ने बताया कि तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन आज खंडवा रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज एक दिवसीय प्रवास पर इंदौर पहुँच रहे हैं। वे यहाँ वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, दीक्षांत समारोह के बाद वे बॉम्बे हॉस्पिटल के पास महेश्वरम् भवन में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री- शहादत दिवस

आज महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के 95वें शहादत दिवस पर पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज आजाद की जन्मस्थली भाबरा यानि चंद्रशेखर आजाद नगर  पहुँचकर शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री आज अलीराजपुर जिले को 171 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की बड़ी सौगात भी देंगे। वे यहाँ 14 कार्यों का लोकार्पण और 35 नए प्रोजेक्ट्स का भूमि-पूजन करेंगे। इसके अलावा, डॉ. यादव उदयगढ़ में आयोजित पारंपरिक भगोरिया उत्सव के रंगों में भी शामिल होंगे,

मौसम

प्रदेश में फरवरी के अंत में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के कई शहरों में दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुँच गया है, जिससे अभी से अप्रैल जैसी तपिश महसूस हो रही है। खंडवा और खरगोन में पारा 35.2 डिग्री दर्ज किया गया।

**आईसीसी टी20 विश्व कप**

आईसीसी टी20 विश्व कप में आज सुपर-8 के ग्रुप-2 के मैच में इंग्लैंड का सामना कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूज़ीलैंड से होगा। यह मैच शाम सात बजे शुरू होगा। भारत ने कल रात चेन्नई के एम.ए. चिदम्बरम स्टेडियम में सुपर-8 के एक निर्णायक मैच में जिम्बाब्वे को 72 रनों से हरा दिया।

**समाचार संक्षेप में** .....

- आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित जनपद शिक्षा केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए कल आयोजित हुए  निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर में आवश्यक सामग्री वितरित की गई।
- शिवपुरी जिले में कल सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग और रोजगार विभाग द्वारा युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

-----------------------------------